वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय
वानिकी महाविद्यालय, कृषिमौसम प्रक्षेत्र इकाई
रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल-249199 (उत्तराखण्ड)
फोन नंबर : 01376 - 252 150

कृषिमौसम परामर्श सेवा बुलेटिन, जनपद - चमोली

दिनांक- 07 मई, 2019

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान आधारित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अंतर्गत मौसम केन्द्र, देहरादून से प्राप्त मौसम पूर्वानुमानित आँकड़ों के आधार पर उत्तराखण्ड के जनपद चमोली में अगले पाँच दिनो निम्न मौसम रहने की सम्भावना व्यक्त की जाती है :-

मौसम प्राचल	मौसम पूर्वानुमान अवधि				
	08-05-2019 (07 मई सुबह 08:30 बजे से 08 मई सुबह 08:30 बजे तक)	**09-05-2019** (08 मई सुबह 08:30 बजे से 09 मई सुबह 08:30 बजे तक)	**10-05-2019** (09 मई सुबह 08:30 बजे से 10 मई सुबह 08:30 बजे तक)	**11-05-2019** (10 मई सुबह 08:30 बजे से 11 मई सुबह 08:30 बजे तक)	**12-05-2019** (11 मई सुबह 08:30 बजे से 12 मई सुबह 08:30 बजे तक)
वर्षा (मि.मी.)	**1 मिमी. (बहुत हल्की)**	**0.0**	**0.0**	**5 मिमी. (हल्की)**	**15 मिमी. (मध्यम)**
आसमान में बादल आच्छादन (ओक्टा: 0 से 8) 0 ओक्टा (पूरी तरह से साफ आसमान) 8 ओक्टा (पूरी तरह बादलों से घिरा आसमान)	1 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान)	1 ओक्टा (मुख्यतः साफ आसमान)	0 ओक्टा (साफ आसमान)	3 ओक्टा (कुछ भाग बादल)	6 ओक्टा (मुख्यतः बादल)
अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	30	29	30	31	28
न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)	13	12	12	13	11
अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	70	70	70	80	90
न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (%)	25	25	25	40	50
वायु की औसत गति (कि.मी./घंटा)	8	8	10	10	10
वायु की दिशा	उत्तर-पश्चिम	उत्तर-पश्चिम	उत्तर-पश्चिम	उत्तर-पश्चिम	उत्तर-पश्चिम

कृषि मौसम विज्ञान वेधशाला, रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल (समुद्रतल से ऊँचाई-1827 मीटर)के प्रेक्षण अनुसार विगत सप्ताह (01 से 07 मई, 2019 सुबह 08:30 तक); मुख्यतः साफ से मध्यम बादल छाए रहने के साथ 19 मिमी. बारिश दर्ज की गई|दिन का अधिकतम तापमान 22.2 से 27.6 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 7.6 से 14.0 डिग्री सेल्सियस रहा| इस दौरान पूर्वाहन 07:16 बजे सापेक्षित आर्द्रता 34 से 68 प्रतिशत तथा अपराहन 14:16 बजे को 26 से 49 प्रतिशत के मध्य रही| हवा की औसत गति 4.1 से 5.7 किमी० प्रति घंटा रही| सप्ताह के दौरान हवा मुख्यतः उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व दिशा से चली|

मानकीकृत वर्षा सूचनांक(SPI_अवधि दिनांक 04 अप्रैल से 01 मई, 2019) के आधार पर जनपद में हल्के गीले (Mildly wet_**SPI Value 0.0 to 0.99**) की स्थिति रही|

<u>मौसम आधारित कृषि सलाह</u>

फसल	अवस्था	कृषि मौसम सलाह
गेंहू, जौ, मसूर आदि (घाटी क्षेत्र)	दाना/परिपक्वता	आगामी दिनों बारिश की सम्भावना को ध्यान रखते हुए सलाह है कि परिपक्व फसल की कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रख दें|
गेंहू, जौ (ऊंचाई क्षेत्र)	दूध भरना/ दाना बनना	सिंचाई व रसायनों का प्रयोग टाल दें| रोग ग्रसित व अवांछित पौधों को निकाल दें|
झंगोरा, तोर, (ऊंचाई क्षेत्र_असिंचित)	अंकुरण	अंकुरण के 2-3 सप्ताह बाद प्रथम निराई करें| निराई गुडाई के दौरान जैविक फफूंदनाशक का प्रयोग कर फफूंद रोग जनक से फसल सुरक्षा करें|
प्याज, लहसुन	बल्ब वृद्धि	जल का भराव न होने दें| जैविक फफूंदनाशक का प्रयोग कर फफूंद रोग जनक से फसल सुरक्षा करें|
अदरक	बुवाई	बुवाई हेतु खेत तैयार करें| पलवार बिछाकर मृदा नमी संरक्षण करें| बारिश के दिन बुवाई कार्य टाल दें|
आलू (ऊंचाई क्षेत्र_असिंचित)	वानस्पतिक वृद्धि	पंक्तियों के बीच में सूखी घास की पलवार बिछा दें| खरपतवार हटा दें|
आडू, खुबानी, अखरोट	फल बढ़वार	ओला रक्षक जाली का प्रयोग करें| वर्षा जल भंडारण करें| थालों में सूखी घास की पलवार बिछा दें|
सेब	फल निर्माण	
टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन (घाटी क्षेत्र)	वानस्पतिक बढ़वार	नवरोपित पौधों को लकड़ी/ रस्सी का सहारा देकर सीधा खड़ा रखें| पौधे की निचली सतह की पत्तियां (जमीन से आधे से एक फीट ऊपर तक) को हटा दें|
मशरूम उत्पादन	-	हवा की दिशा व गति को देखते हुए सलाह है कि उत्तर पश्चिम दिशा में स्थित खिडकियों पर महीन जाली व पॉलिथीन लगाकर रखें जिससे हवा के साथ कीट अंदर न आ सके|
पशुपालन	-	पशु को बारिश में भीगने से बचा कर रखें| गाय-भैंस में खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण करवाएं|

नोडल अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी

तकनीकी अधिकारी
कृषि मौसम प्रक्षेत्र इकाई, रानीचौरी

<u>महत्वपूर्ण जानकारी</u>: जनपदस्तरीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि मौसम सेवा बुलेटिन सप्ताह में मगलवार और शुक्रवार को जारी की जाती है| मौसम पूर्वानुमान व कृषि मौसम सेवा बुलेटिन को ईमेल, व्हट्सएप्प आदि पर निःशुल्क प्राप्त करने व फसल पर बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर फोटोग्राफ को मोबाइल/व्हट्सएप्प नंबर: 9410944889 प्रकाश सिंह नेगी, तकनीकी अधिकारी, ग्रामीण कृषि मौसम सेवाए पर भेजकर वैज्ञानिक सलाह प्राप्त कर सकते हैं, SMS हेतु मौसम विभाग की वेबसाईट पर ऑनलाइन पंजीकरण: http://imdagrimet.gov.in/farmer/Form.php